राष्ट्रपति ने तीसरे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में सामूहिक योग प्रदर्शन का शुभारंभ किया

राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी ने तीसरे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज राष्ट्रपति भवन में सामूहिक योग प्रदर्शन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। इस वर्ष तीसरे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय पद्धति है जो कि कई बीमारियो के इलाज और स्वास्थ्य विकारो के समाधान में बेहद उपयोगी है। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ सेहत के लिए भी सर्वांगीण पद्धति है। उन्होंने सामूहिक योग प्रदर्शन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियो का स्वागत किया और उनसे प्रतिदिन योग का अभ्यास करने का अनुरोध किया।

इस सामूहिक योग कार्यक्रम में राष्ट्रपति भवन के अधिकारियो और कर्मचारियो के साथ-साथ उनके परिजनो और राष्ट्रपति भवन के निवासियो ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी की।

मुख्तार अब्बास नकवी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया

अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने आज कहा कि योग दिवस ''अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मेलन'' में परिवर्तित हो गया है। यह भारत की हजारों वर्ष पुरानी परंपरा को दर्शाता है।

श्री नकवी ने नोएडा सेक्टर- 50 स्थित सेंटर पार्क के ''अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। श्री नकवी ने कहा कि हजारों वर्ष पुरानी भारतीय स्वास्थ्य परंपरा योग ''बेहतर स्वास्थ्य की कुंजी है।''

श्री नकवी ने कहा कि योग को पूरे विश्व ने मान्यता दी है। भारत की हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति योग पूरी दुनिया के लिए ''स्वास्थ्य का स्रोत'' सिद्ध हुई है। योग दिवस ''अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मेलन'' में परिवर्तित हो गया है। यह भारत की हजारों वर्ष पुरानी परंपरा को दर्शाता है। योग को पूरे विश्व के लोगों की जीवनशैली को हिस्सा बनाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी बधाई के पात्र हैं।

श्री नकवी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भारत को पूरे विश्व में एक विकसित, स्वस्थ और आदर्श राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

श्री नकवी ने कहा कि वे स्वयं पिछले कई वर्षों से योग का अभ्यास कर रहे हैं। आज मस्तिष्क और शरीर पर पड़ने वाले तनाव और प्रदूषण के दुष्प्रभावों के कारण योग का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। श्री नकवी ने कहा कि ''योग अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है'' और ''अच्छा स्वास्थ्य ही सर्वोत्तम पूंजी है।'' योग महज एक व्यायाम नहीं है बल्कि यह एक ''स्वास्थ्य विज्ञान'' है। योग हमारे शरीर के साथ-साथ हमारे मस्तिष्क को भी ऊर्जा प्रदान करता है।

सिएट लाया आयुष्मान प्लस ट्रैक्टर टायर रेंजए जिसमे है अद्भुत पंक्चर पैड्स

अहमदाबाद, पंक्चर की शिकायत को दूर करने के उद्येश्य सेए टायर निर्माता कंपनी सिएट लिमिटेड ने . ष्आयुष्मान प्लसष् ट्रैक्टर टायर रेंज को बाजार में उतारा है। खूबियों में सर्वश्रेष्ठए सिएट का आयुष्मान प्लसए पिछले पहिए के लिए 13ण्6.28ए 14ण्9.28 और 16ण्9.28 साइज में तथा आगे के पहिए के लिए 6ण्00.16 साइज़ में उपलब्ध है। टायर की इस श्रृंखला को महाराष्ट्रए कर्नाटकए मध्य प्रदेशए गुजरातए पंजाबए हरियाणा और उत्तर प्रदेश के प्रमुख कृषि बाजारों में उतारा गया है।

पंक्चर पैड के अलावा आयुष्मान प्लस के पिछले टायर में है गहरी गुड्डीए जिससे मिले इस टायर को लंबी उम्र और मिट्टी पर मज़बूत पकड़। आगे के टायर में भी है गहरी गुड्डीए जिससे यह टायर चले सालों साल।

इस सफ्ल लाँच के अवसर पर सिएट लिमिटेड के विपणन उपाध्यक्ष श्री नीतीश बजाज ने टिप्पणी करते हुए कहाए ष्कृषि के क्षेत्र में आयुष्मान प्लस निश्चित तौर पर एक क्रांतिकारी खोज है। इसे खेती के कार्य को बिना किसी परेशानी के संचालित करने के लिए बनाया गया है! इससे किसानों को पंक्चर की समस्या से मुक्ति मिलेगी। टायर की यह विशेष श्रृंखला विभिन्न प्रकार की मिट्टी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बनाई गई है। हम इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कीए टायर की यह श्रृंखलाजल्द ही किसानों की पहली पसंद बन जाएगी।श

आयुष्मान प्लस टायर का पंक्चर पैड ष्अंदरुनी सुरक्षा कवचष् की तरह काम करेगाए जिसके परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन में काफी वृद्धि होगीए क्योंकि अब पंक्चर के कारण किसानों का समय नष्ट नहीं होगा। (19-10)

Sony LePlex FPC
Listing 22nd June,2017

India	22-Jun-17
Time	Thursday
6:24 AM	LINCOLN
8:43 AM	MUPPETS MOST WANTED
10:30 AM	ROMEO & JULIET
12:18 PM	MUPPETS MOST WANTED
1:00 PM	STEPMOM
4:03 PM	THE FIGHTER
5:59 PM	PUERTO RICANS IN PARIS
7:21 PM	THE HOT CHICK
9:00 PM	LEGEND
11:12 PM	THE UGLY TRUTH
12:48 AM	THE HELP
3:14 AM	THE HOLIDAY
5:22 AM	BEYOND THE MASK

तीसरे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय राजधानी में हजारों लोगों ने योग आसन किया

तीसरे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज हजारों लोगों ने योग आसन किया। कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क और आस-पास की सड़कों पर दस हजार से अधिक लोग एकत्रित हुए। यह शहर का सबसे बड़ा योग कार्यक्रम रहा। इसमें स्कूली विद्यार्थी, शिक्षक, सरकारी कर्मचारी, राजनीतिक नेता, पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों के अधिकारी और स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने योग मुद्रा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शहरी विकास मंत्री श्री एम. वेंकैया नायडू ने योग को अंतर्राष्ट्रीय कला बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र में की गई पहल के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि हमारी प्राचीन परंपरा को अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृति मिली। योग न तो राजनीतिक है और न ही धार्मिक, बल्कि सदियों से व्यवहार में लाए जाने वाला पारंपरिक भारतीय कला अभ्यास है। इससे शांति मिलती है, स्वास्थ्य अच्छा रहता है और एकात्मकता आती है। योग एक विज्ञान है इसका उद्देश्य शरीर, मन और आत्मा का सामांजस्य पूर्ण विकास है। श्री नायडू ने निर्माण भवन में योग कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए इस अभियान में सभी से शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि योग समाज के लिए महत्वपूर्ण है। पूरी दुनिया में योग दिवस मनाने और योग आसन करने से लोगों को योग के लाभ के बारे में जानकारी मिल रही है। उन्होंने कहा कि योग सार्वभौमिक परंपरागत अभ्यास है जिसे हमारे पूर्वजों ने अपनाया। यह लोगों में एकता लाता है। कनॉट प्लेस में समारोह का आयोजन आयुष मंत्रालय तथा नई दिल्ली पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने किया। विद्यार्थियों के प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम सवेरे 6¬15 बजे शुरू हुआ। 45 मिनट तक यानी 7¬45 बजे पर विभिन्न योग आसन किए गए।

जीटीपीएल हैथवे लि. ने प्राइस बैंड 167-170 रूपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया

मुंबई, जीटीपीएल हैथवे लिमिटेड (''कंपनी'' अथवा ''इश्यूअर'') ने एंकर निवेशकों को 145.43 करोड़ रूपये मूल्य के 8,555,294 इक्विटी शेयर आवंटित करने का फैसला किया है। यह शेयर 170 रूपये प्रति इक्विटी शेयर के भाव पर आवंटित किये जायेंगे जोकि प्राइस बैंड का ऊपरी स्तर है।

एंकर निवेशकों में शामिल हैं: अकेसिया बैनयन पार्टनर्स-30.94%; गवर्नमेंट पेंशन फंड ग्लोबल - 18.56%; बीएनपी परिबास इक्विटी फंड -5.03%; बीएनपी परिबास लॉन्ग टर्म इक्विटी फंड -2.92%; बीएनपी परिबास मिडकैप फंड - 5.85%; बीएनपी परिबास डिविडेंड यील्ड फंड-2.34%; बीएनपी परिबास बैलेंस्ड फंड -1.05%; एचटीसीएल-एचडीएफसी प्रूडेंस फंड - 15.13%; डीबी इंटरनेशनल एशिया लिमिटेड - 10.62%; विट्टोरिया फंड एसआर एलपी- एशिया पोर्टफोलियो -7.56%;

कंपनी ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) बुधवार, 21 जून 2017 को पेश करेगी। कंपनी पूंजी जुटाने के लिए 10 रूपये (''इक्विटी शेयर'') सममूल्य के 14,400,000 इक्विटी शेयरों का आइपीओ लेकर आ रही है। इसमें 2,400 मिलियन रूपये तक का ताजा निर्गम (फ्रेश इश्यू) का शेयर प्रीमियम (''ऑफर'') शामिल है। इसमें श्री अनिरुद्धसिंहजी जडेजा द्वारा 1,136,000 इक्विटी शेयर, श्री कनकसिंह राणा द्वारा 440,000 इक्विटी शेयर, गुजरात डिजि कॉम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 5,480,000 इक्विटी शेयर, हैथवे केबल एंड डेटाकॉम लिमिटेड द्वारा 7,200,000 इक्विटी शेयर, श्री अमित शाह द्वारा 144,000 इक्विटी शेयर (''संयुक्त रूप से विक्रय शेयरधारक'') (''ऑफर फॉर सेल'') शामिल है। यह निर्गम शुक्रवार, 23 जून 2017 को बंद होगा।

इस निर्गम के लिए प्राइस बैंड 167 रूपये से 170 रूपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बिड्स न्यूनतम 88 इक्विटी शेयरों एवं उसके बाद 88 इक्विटी शेयरों के गुणक में लगाई जा सकती हैं। (1)

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में सबसे बड़ा प्लास्टिक शो प्लास्टएशिया 2017 का आयोजन

प्लास्टएशिया - 2017 का आयोजन प्लास्टिक मशीनरी मेन्युफएक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीएमएमएआई) के सहयोग से किया गया हैं जहां आपकी मशीनरी और प्रादेशिक उत्पादक किस तरह आपके मार्केट को व्यापक बना सकते है और आगामी अवसरों का लाभ किस तरह ले सकें इसका यह प्लेटफार्म है।

सर्वप्रथम प्लास्टएशिया एक्जीबिशन का आयोजन बेंगलुरू के पैलेस ग्राउण्ड में वर्ष 2004 में हुआ था और इसके बाद से बेंगलुरू में हर तीन साल में एक बार इसका आयोजन किया जाता हैं। प्लास्टएशिया के आयोजन का समय ऐसा रखा गया हैं कि जिसमें इस इन्डस्ट्री के सर्वाधिक लोग शामिल हो सकें।

ट्रियुन एक्जिबिटर्स प्रा. लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर और प्लास्ट एशिया के आर्गेनाइजर सिरिल परेरा ने बताया कि हाल के प्लास्टिक और रब्बर इन्डस्ट्रीज में सतत तेजी को ध्यान में रखकर छठवां प्लास्टएशिया -2017 का आयोजन समय पर ही किया गया हैं। पेट्रोकेमिकल इन्डस्ट्री प्लास्टएशिया - 2017 में प्रमुख योगदान देने वाले होने से इस रिजन में रहे अवसरो और ग्रोथ में अधिक विविधता लाने पर यह इवेन्ट प्रकाश डालेगा।

इसी क्रम में ममता मशीनरी ग्रुप के सीएमडी तथा पीएमएमएआई के चेयरमेन महेन्द्रभाई पटेल ने बताया कि भारत में प्लास्टिक मशीनरी का उत्पादन 5000 करोड का है। पीएमएमएआई सतत इंडियन प्लास्टिक मशीनरी के लिए कार्यरत है जिससे यह गुणवत्ता, तकनीक, स्पर्धात्मक मूल्य और प्रोसेस स्टाण्डर्ड में विश्वस्तर की बनेगी।

जर्मन इंडियन प्लास्टिक्स और पोलिमर ई.वी. के वाइस प्रेसिडेन्ट गिनु जोसेफ ने बताया कि हाल में भारत में 55000 से अधिक प्लास्टिक्स फेसिलिटिज है और इसमें कन्वर्टर्स और फेब्रिकेटर्स, मोल्ड और मशीन मेन्युफेक्चरर्स, कम्पाउण्डर्स तथा पेट्रोकेमिकल प्रोड्युसर शामिल हैं जिसमें 40 प्रतिशत एसएमई का आउटपुट मिलता है जबकि बकाया 60 प्रतिशत योगदान बड़ी कम्पनियों ग्लोबल स्केल प्रोडक्शन सिस्टम तथा विदेशी निवेश से मिलता हैं।

तीसरे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लखनऊ, उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री के भाषण का मूल पाठ

मंच पर विराजमान सभी सम्मानीय महानुभाव और विशाल संख्या में पधारे हुए सभी योग प्रेमी भाइयो और बहनों,

देश के भिन्न-भिन्न कोने में भी इसी प्रकार से कार्यक्रम में उपस्थित सभी योग प्रेमियों को भी मैं आज लखनऊ की धरती से प्रणाम करता हूं।

योग की एक विशेषता है मन को स्थिर रखने की, किसी भी प्रकार के उतार-चढ़ाव के बीच भी स्वस्थ मन के साथ जीने की कला योग से सीखने को मिलती है। लेकिन आज, मैं लखनऊ के इस विशाल मैदान में हजारों लोगों को देख रहा हूं, और ये लोग ये भी एक संदेश दे रहे हैं कि जीवन में योग का तो महत्व है ही है, लेकिन अगर बारिश आ जाए तो योग मेट का भी कैसे उपयोग हो सकता है, योग दरी का उपयोग कैसे हो सकता है; ये भी लखनऊ वालों ने दिखा दिया है। लगातार बारिश के बीच भी आप सब यहां डटे हुए हैं, योग के महात्म्य को बल देने का आपका ये प्रयास अभिनदंनीय है।

योग ने स्वयं भी व्यक्ति से समस्ती तक की यात्रा करनी शुरू की है। एक वक्त था जब योग हिमालय में गुफाओं में ऋषियों, मुनियों, मनीषियों का ही साधना का मार्ग हुआ करता था। युग बदलते गए, सदियां बीतती गईं; आज योग घर-घर का, जन-जन का, उसके जीवन का हिस्सा बन रहा है। विश्व के अनेक देश, जो न हमारी भाषा जानते हैं, न हमारी परम्परा जानते हैं, न हमारी संस्कृति से परिचित हैं, लेकिन योग के कारण आज पूरा विश्व भारत के साथ जुड़ने लगा है। योग- जो शरीर, मन, बुद्धि को जोड़ता है, वो योग आज विश्व को अपने साथ जोड़ने में बहुत बड़ी अहम भूमिका अदा कर रहा है।

nited Nations ने सर्वाधिक वोटों से कम से कम समय में जब योग को अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में स्वीकृति दी, तब से ले करके आज दुनिया का शायद ही कोई देश होगा जहां पर योग के संबंध में कोई कार्यक्रम न होता हो, योग के प्रति आकर्षण न बढ़ा हो, जागरूकता न बढ़ी हो।

पिछले तीन वर्ष में योग के कारण अनेक नई-नई Yoga Institutes आज स्द्द1द्द्यश्च्च हुई हैं। पिछले तीन वर्ष में बहुत बड़ी मात्रा में योगा के टीचरों की मांग बढ़ी है। योगा की Training Institutes में भी नौजवान योगा को एक profession के रूप में स्वीकार करते हुए अपने-आप को तैयार कर रहे हैं। दुनिया के सब देशों में योगा के टीचर की मांग हो रही है। विश्व में एक नया Job Market योगा के द्वारा तैयार हो रहा है। और भारत के लोगों की प्राथमिकता सारी दुनिया में सबसे पहले रहती है।

एक जमाना था हर कोई अपने-अपने तरीके से योग करते थे। धीरे-धीरे उसका Standardization, उसके stages, योग में कैसे आगे बढ़ना- पहला stage, दूसरा stage, तीसरा stage. धीरे-धीरे वैज्ञानिक तरीके से, विश्व में समान रूप से योग की प्रक्रिया को भी Standardize करने की दिशा में भारत में और भारत में और बाहर भी बहुत सारे प्रयास चल रहे हैं।

पिछले वर्ष यूनेस्को ने भारत के योग को मानव संस्कृति की एक अमर विरासत के रूप में मान्यता दी है। विश्व के संगठन स्कूलों में, collages में बालकों को योग की training मिले, बालक योग से जुड़ें, और धीरे-धीरे वो जीवन का हिस्सा बन जाएं, उस दिशा में जागरूकता बढ़ती चली गई है। आज भारत में भी कई राज्य ऐसे हैं जिन्होंने योग को शिक्षा का एक उपक्रम बनाया है ताकि हमारी भावी पीढ़ियां हमारे सदियों पुराने इस विज्ञान से परिचित हों, उसके अभ्यासु बनें, और वे उनके जीवन का हिस्सा बनें।

Health के लिए कई प्रकार के प्रकल्प होते हैं, लेकिन fitness से भी ज्यादा, healthy होने से भी ज्यादा wellness का महत्व होता है। और इसलिए wellness को जीवन में सहज प्राप्त करने के लिए योग एक बहुत बड़ा माध्यम है। आज योग के सामने कहीं पर भी दुनिया में सवालिया निशान नहीं है। समयानुकूल परिवर्तन होते रहे हैं, विश्व के भिन्न-भिन्न समाज उसमें कुछ न कुछ जोड़ते रहे हैं। स्थल, काल, परिस्थिति के अनुकूल, आयु के अनुकूल, योग में उत्तरोत्तर विकास होता रहा है, उसका विस्तार भी होता रहा है। और इसलिए इस महत्वपूर्ण अवसर पर मैं देश और दुनिया के लोगों को, योग को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए आग्रह करता हूं। हमें योग के मास्टर बनें या न बनें, हम योग में achiever बनें या बनें, लेकिन हम योग के अभ्यासु बन सकते हैं। और जिस समय पहली बार योग करते हैं, तो पता चलता है कि हमारे शरीर के कितने महत्वपूर्ण अंग हैं, जिसकी तरफ हमारा कभी ध्यान नहीं गया, कितने बेकार होते गए हैं। और जब योग शुरू करते हैं तो शरीर के अनेक अंग जो सुषुप्त अवस्था में पड़े हैं, उनकी जागृति को हम खुद अनुभव कर सकते हैं। उसके लिए कोई बड़ी दिव्य चेतना की आवश्यकता नहीं होती। जिन्होंने पहली बार योग किया है उन सबको पता चलता है कि मेरे शरीर के अंग सुषुप्त पड़े थे, योग शुरू करने से ही उसके भीतर जागृति आने लगी है, चैतन्य आने लगा है।

कभी लोग मुझे पूछते हैं, योग का महात्मय की बड़ी-बड़ी चर्चा करते हैं। मैं बड़ी सरल भाषा में समझाता हूं। नमक सबसे सस्ता होता है, सर्वदु उपलब्ध होता है, लेकिन दिनभर भोजन के अंदर अगर नमक न हो सिर्फ स्वाद बिगड़ जाता है ऐसा नहीं है, शरीर की सारी अंतर्रचना को गहरी चोट पहुंचती है। नमक होता थोड़ा सा है, लेकिन पूरी शरीर की रचना में उसका महात्मय कोई नकार नहीं सकता है। उसकी जरूरत को कोई नकार नहीं सकता है। नमक- एकमात्र नमक से जीवन नहीं चलता है, लेकिन जीवन में नमक न होने से जीवन नही चलता है। जैसा जीवन में नमक का स्थान है, वैसा ही योग का स्थान भी हम बना सकते हैं। कोई बहुत चौबीसों घंटे योग करने की जरूरत नहीं है। 50 मिनट, 60 मिनट, और मैंने पहले भी कहा है कि zero cost से Health assurance की ताकत योग के अंदर है।

स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन, स्वस्थ बुद्धि, अगर सवा सौ करोड़ देशवासी दुनिया के वासी, अगर इस स्वस्थता को प्राप्त कर लें तो मानव के सामने जो मानवीय विचारों के कारण संकट पैदा होते हैं, उन सकटों से भी हम मानव जात की रक्षा कर सकते हैं।

और इसलिए आज तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर विश्व भर के योगा प्रेमियों को मैं हृदयपूर्वक बधाई देता हूं। विश्व के सभी देश जिस उमंग और उत्साह के साथ जुड़े हैं, मैं उनका भी अभिनंदन करता हूं। और मैं आप लखनऊवासियों का भी हृदय से बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने लखनऊ में सामूहिक योग प्रदर्शन में हिस्सा लिया

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस - 2017 के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज लखनऊ में सामूहिक योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

शहर में लगातार हो रही बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में लोग रमाबाई अंबेडकर मैदान में हुए इस कार्यक्रम के लिए एकत्रित हुए।

उत्साही और मुखर सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने लखनऊ से देश भर में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा, आज योग कई लोगों के जीवन का हिस्सा बन गया है। भारत के बाहर भी योग की लोकप्रियता काफी बढ़ी है और योग विश्व को भारत से जोड़ता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह यह देखकर काफी खुश हैं कि पिछले तीन वर्ष में कई योग संस्थान अस्तित्व में आए हैं और योग शिक्षकों की मांग बढ़ती जा रही है। फिटनेस, तंदुरस्ती को महत्वपूर्ण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, योग तंदुरस्ती को प्राप्त करने का एक माध्यम है। सभी से योग को उनके जीवन का हिस्सा बनाने का अनुरोध करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि योग अच्छे स्वास्थ्य का आश्वासन देते है और इसका अभ्यास महंगा भी नहीं है।

इससे पहले, लखनऊ में प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग हमारी परंपरा का हिस्सा है और यह हमें जोड़ता है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने स्टार्ट अप इंडिया हब का शुभारम्भ किया

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने सोमवार को नई दिल्ली में ऑनलाइन स्टार्ट अप इंडिया हब का शुभारम्भ किया, जहां भारत में उद्यमिता परिवेश के सभी भागीदार एक मंच पर आकर परस्पर खोज करेंगे, सम्पर्क में रहेंगे और एक दूसरे से राय-मशविरा करेंगे। श्रीमती निर्मला सीतारमण ने समूचे उद्यमिता की पारिस्थितिकी तंत्र को एक मंच पर लाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि स्टार्ट अप इंडिया दरअसल एक बाजार रचने का प्रयास है, जहां इसके सभी भागीदार आपस में बातचीत कर सकें, अपनी जानकारियों को साझा कर सकें और एक दूसरे को विकसित होने में सहयोगी हो सकें। उन्होंने कहा कि यह मौजूदा और संभावनाशील स्टार्ट अप के जीवनचक्र को आसान व कारगर बनाएगा। उन्हें सही समय पर सही संसाधनों तक पहुंचने में मददगार होगा। उन्होंने इस पोर्टल का भारत में उपयोग करने के लिए उद्यमियों को प्रेरित किया और सभी भागीदारों को इस मंच को अधिक से अधिक सक्षम बनाने में अपना योगदान देने को आग्रह किया। मंत्री महोदया ने एक नई पहल की घोषणा की, जिसमें स्टार्ट अप का सार्क देशों में विचार-विमर्श के कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह पोर्टल स्टार्ट अप, निवेशक, वित्त, संरक्षक, अकादमिक, इन्क्यूबटर्स, उत्प्रेरक, कॉरपोरेट्स, सरकारी निकाय और अन्यान्यों की मेजबानी करेगा। यह हब सूचनाओं में विसंगति की समस्या और खास कर देश की दूसरी व तीसरी श्रेणी के नवजात पारिस्थितिकी तंत्र वाले शहरों में जानकारियों, उपकरणों व विशेषज्ञों तक पहुंच की कमी को दूर करने की कोशिश करेगा। स्टार्ट अप के लिए वर्चअुल हब एक गत्यात्मक और संवादी मंच होगा, जो उनके शिक्षण एवं विकास, नेटवर्किंग, संरक्षण, वित्तपोषण आदि को सुगम बनाएगा। इस पोर्टल को विकसित करने का बुनियादी सिद्धांत पारिस्थितिकी तंत्र के विभिन्न प्रस्तावों को एक जगह एकत्र करना करना है। स्टार्ट अप इंडिया अनेक संगठनों के ऑन बोर्ड उद्यमियों और निवेशकों के साथ भागीदार रहा है। साथ ही, वह ज्ञान के मॉड्यूल का सर्जक भी। विभिन्न मंचों तक पहुंच बनाने की गरज से एक प्रतिबद्ध एप्स एंड्रोयड और आईओएस दोनों पर उपलब्ध है। भारत पूरी दुनिया में स्टार्ट अप पारिस्थितिकी तंत्र वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है, जहां रोजाना तीन से चार स्टार्ट अप अपना काम शुरू करते हैं।

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र-इसरो
SPACE APPLICATIONS CENTRE-ISRO
अहमदाबाद AHMEDABAD - 380 015

ई-क्रय निविदा सूचना
E-Procurement Tender Notice

सं.: सैक/ सा.नि/10/2017-18
No.: SAC/ PT/10/2017-18 Date: 21/06/2017

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, वरि. प्रधान, क्रय एवं भंडार, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, अहमदाबाद, निम्नलिखित के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।
For and on behalf of the President of India, Sr. Head, Purchase & Stores, Space Applications Centre, Ahmedabad invites e-tenders for the following.

इच्छुक विक्रेता इसरो ई-खरीद वेबसाइट www.eprocure.isro.gov.in से ई-निविदा डाउनलोड कर सकते हैं। बोलियां मात्र ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी है।
Interested vendors can download e-tenders from ISRO e-procurement website www.eprocure.isro.gov.in. The bids are to be submitted **online** through the e-procurement portal only.

क्र.सं. S.N.	निविदा नं. Tender No.	मद विवरण Item Descriptions
1	SAC/DPUR/2016E0245002	ECAD Manpower Contract
2	SAC/DPUR/2016E0266802	Rate Contract for Laser Hermetic Sealing
3	SAC/CPUR/2017E0241403	Solidworks Professional Software
04	SAC/DPUR/2017E0294601	Space Qualified EMI Line Filters
05	SAC/DPUR/2017E0317501	Space Qualified High Voltage Ceramic Capacitors
06	SAC/CPUR/2017E0328101	Ku Band WR75 225W Circulator
07	SAC/DPUR/2017E0334801	ESD Safe Accessories for Cleanroom
08	SAC/CPUR/2017E0335101	Electro-Optic External Modulator
09	SAC/APUR/2017E0337101	Rate Contract for establishing of TM nodes
10	SAC/CPUR/2017E0341101	Space Grade 1515 Style Capacitors
11	SAC/APUR/2017E0350201	Aluminium Extruded Profile with connecting Elements (Pre-Bid: 29/06/2017, at 10:00 AM, Venue: Building No. 31 Room No.35)
12	SAC/DPUR/2017E0352501	Capacitive EMI Line Filters
13	SAC/DPUR/2017E0356501	Space Grade MSI Logic Devices
14	SAC/DPUR/2017E0368501	High End Workstation

नोट **Notes:**
1) प्रस्तुति की विधि: ऑनलाइन/ Mode of submission: Online
2) ईजीपीएस के माध्यम से प्रस्तुत की गई निविदाओं पर कोई निविदा शुल्क लागू नहीं होगा। No Tender fee shall be applicable for tender submitted through EGPS.
3) डाक/कुरियर/किसी व्यक्ति के माध्यम से भेजे गए प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। Offers sent physically by post/courier/in person will not be considered.
4) इन निविदाओं के लिए शुद्धिपत्र, यदि कोई हुआ तो वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। Corrigendum if any against these tenders will be published on website.

Sd/-
वरि.प्रधान, क्रय एवं भंडार Sr. Head, Purchase & Stores

इच्छुक विक्रेताओं ने यदि हमारे ई-प्रापण पोर्टल पर रजिस्टर नहीं किया है तो वे www.eprocure.isro.gov.in पर स्वयं को रजिस्टर करें।
Interested vendors, if not registered on our e-procurement portal may register themselves at www.eprocure.isro.gov.in

संपादक-चुनीलाल एस. भट्ट,
मुद्रक एवं प्रकाशक-मयुर सी. भट्ट, प्रकाशन स्थल-201, 202, 208 नंदन कोम्पलेक्ष, मीठाखली, अहमदाबाद-6.
मालिक-कल्याणी पब्लिकेशन प्रा.लि. द्वारा महादेव ऑफसेट, बी-4, रवि एस्टेट, रूस्तम मिल कम्पाउंड, दूधेश्वर, अहमदाबाद में छपवाकर प्रकाशित किया।
फोन-26568477, 26409779.
E : alpaviram1@yahoo.com

इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का जीएसटी की जानकारी के लिए वेब पेज

जीएसटी को 01 जुलाई, 2017 से कार्यान्वित करने की पूरी तैयारी करते हुए इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने करदाताओं की सुविधा के लिए एक वेब पेज शुरू किया है, जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं और इलेक्ट्रोनिक वस्तुओं से संबंधित मुद्दों की जानकारी होगी।

रेल मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2017 मनाया

रेल मंत्रालय ने आयुष मंत्रालय के निर्देशो के अनुरूप 21 जून,2017 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया।

केंद्रीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु ने मुंबई के बांद्रा में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडनवीस के साथ योग सत्र में भागीदारी की। श्री प्रभु ने मुंबई में नालंदा आडिटोरियम, एसआईएमएसआर भवन, सौमाया कैंपस,विद्याविहार में भी योग सत्र में भागीदारी की। नई दिल्ली स्थित रेल भवन मुख्यालय में भी मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के योग प्रशिक्षक श्री चक्रधर कुशवाहा के निर्देश में योग सत्र का आयोजन किया।कार्यक्रम में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष श्री ए.के. मित्तल,अन्य बोर्ड सदस्यो और रेल मंत्रालय के वरिष्ठ सदस्यो ने भी भाग लिया।

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग, अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र (सैक),
निर्माण और अनुरक्षण समूह (सीएमजी), जोधपुर टेकरा, आंबावाडी विस्तार पो.ऑ.,
अहमदाबाद-380015 दूरभाष नं. - (079) 26914930/4916/4901, फैक्स नं. - (079) 26915800

ई-निविदा नं. - (1) सैक/सीएमजी/एसी एंड एम/आरओ (एएमसी)/44/2017, दिनांक 19-06-2017

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए ओनलाइन वस्तुदर निविदाएं ई-निविदा के माध्यम आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं.	कार्य का शिर्षक	निविदा के लिए निर्धारित अनुमानित लागत रुपए	कार्य पूरा होने की अवधि	अवधि जिसके दौरान निविदा दस्तावेज डाउनलोड करना	निविदा स्वीकार करने की अंतिम तारीख और समय	निविदा खोले जाने की तारीख और समय	अर्नेस्ट मनी डिपोजीट (ईएमडी) (रु)
1.	अहमदाबाद बोपल स्थित सैक और न्यू सैक कैम्पस में लगाए गए 100 एलपीएच और 200 एलपीएच क्षमता वाले 29 नग आरओ सिस्टम के लिए आरओ मेम्ब्रेन रिप्लेसमेन्ट छोड़कर वार्षिक रखरखाव और सर्विसिंग कॉन्ट्रेक्ट।	9.20 लाख	12 महीने	ता. 21.06.2017 (सुबह 11.00 बजे) से ता. 03.07.2017 (सायं 5.00 बजे)	ता. 05.07.2017 को दोपहर 2.30 बजे तक	ता.05.07.2017 को दोपहर 3.00 बजे	18,400/-

2. निविदा दस्तावेज वेबसाइट www.tenderwizard.com/ISRO से निविदा विजार्ड के साथ पंजीकरण करके और निविदा प्रक्रिया शुल्क का भुगतान करके डाउनलोड किया जा सकता है। विक्रेता पंजीकरण की प्रक्रिया उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। **निविदा प्रक्रिया शुल्क** का भुगतान ई-गेटवे के माध्यम से मे. आईटीआई. लि. को किया जाए।
3. पात्रता मानदंड और अन्य विवरण के लिए, इच्छुक निविदाकर्ता कृपया **विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)** का संदर्भ ग्रहण करें, इसे वेबसाइट www.isro.gov.in और www.sac.gov.in. और निविदा मुक्त रूप से www.tenderwizard.com/ISRO पर देखे।

समूह निदेशक, सी.एम.जी / सैक